मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन,
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.esic.nic.in

सं: स्था -14/16/18/2017- जनसम्पर्क दिनांक : 25.07.2017

प्रेस विज्ञप्ति

श्री राज कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक का प्रभार ग्रहण किया.

श्री राज कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा ने दिनांक 24.07.2017 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक के रूप में नई दिल्ली में इसके मुख्यालय में प्रभार ग्रहण किया. श्री राज कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1987 बैच के गुजरात कैडर के अधिकारी हैं.

इससे पहले, उन्होंने दिनांक 20.04.2015 से भारत सरकार के संयुक्त सचिव के रूप में आर्थिक मामले विभाग, नई दिल्ली में कार्य किया है.

उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय संगठनों के प्रशासन और प्रबंधन का व्यापक अनुभव प्राप्त है. उन्होंने गुजरात सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा कृषि एवं सहकारिता विभाग में प्रधान सचिव के रूप में भी सेवा दी है.

श्री राज कुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के स्नातक हैं. वे लोक नीति (टोक्यो) में भी स्नातकोत्तर हैं.

****